दिनांक 17 अक्टूबर 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोराना की थर्ड वेव की आशंका के चलते इसके रोकथाम के लिए किए जा रहे तैयारियों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शास्त्री अस्पताल पहुंचकर लिया जायजा

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का औचक निरीक्षण किया! उन्होंने शिशु टीकाकरण, ओपीडी, चिकित्सक स्टॉफ, रोग विशेषज्ञ की जानकारी ली! प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर मरीजों को भर्ती किए जाने वाले बिस्तर की संख्या एवं कक्ष की क्षमता से अवगत हुए! उन्होंने कोविड-19 की रोकथाम एवं थर्ड वेव आने की लहर की आशंका के मद्देनजर तैयारियों के बारे में अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीएम सिंह से जानकारी लेते हुए विस्तृत चर्चा की! वही कोविड- 19 का टेस्ट कराने आने आने वालों की संख्या एवं इसके मुताबिक रैपिड एंटीजन कीट , टूनॉट एवं आरटीपीसीआर किट का व्यापक इंतजाम उन्होंने रखने कहा! मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर उन्होंने विशेष ध्यान देने की बात कही! उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के लगातार मानिटरिंग एवं निर्देश के चलते सुपेला शास्त्री अस्पताल की व्यवस्थाओं में बेहतर परिवर्तन देखने को मिला है! निगम के द्वारा अस्पताल के बाहर की दीवार को रंग रोगन कर कोविड के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित किया जा रहा है! पार्किंग व्यवस्था को निगम ने दुरुस्त किया है साथ ही रात्रि में रोशनी के लिए अस्पताल में हाई मास्क लाइट की व्यवस्था सहित अन्य इंतजाम भी की गई है!

500 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट कोरोना मरीजों के लिए बनेगा संजीवनी लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में 500 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट तैयार कर लिया गया है! थर्ड वेव की लहर से निपटने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं! पहले ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदकर ऑक्सीजन देने की व्यवस्था मरीजों को की जाती थी पर अब अस्पताल का स्वयं का ऑक्सीजन प्लांट तैयार हो चुका है जिससे मरीजों को राहत मिलेगी! विदित है कि कोरोना काल में कोविड- 19 के भर्ती मरीजों को सांस लेने में तकलीफ एवं ऑक्सीजन लेवल कम होने की समस्या के ज्यादातर मामले आए थे , इन सभी कारणों से ऑक्सीजन की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जा रहा है, ताकि आपातकालीन स्थितियों से उबरा जा सके!